# मदर टेरेसा

## स्वाध्याय

### परिच्छेद 1


**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 15 पर दी गई पंक्तियाँ (1 से 16 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[मदर टेरेसा का जन्म ......................**

**................................ रच-बस गई।]**


आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. निर्माण कार्य 2. व्यवसायी

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. 26 अगस्त, 1910

2. यूगोस्लाविया के 'स्कोप्य' नगर


3. अल्बेनियन दंपति

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. स्नेह 2. वात्सल्य

कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:





उत्तर: 1. 26 अगस्त, 1910

2. यूगोस्लाविया के 'स्कोप्य' नगर


3. अल्बेनियन दंपति

कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. स्नेह 2. वात्सल्य


कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. माँ 2. बहन

3. भाई

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. फ्रांस 2. जापान
3. ऑस्ट्रेलिया 4. भारत

**कृ.6. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. मदर टेरेसा के बचपन का नाम
2. मदर टेरेसा इस संगठन की सक्रिय सदस्या थीं
3. मदर टेरेसा ने इतने वर्ष तक सेवा कार्य का प्रशिक्षण लिया

**उत्तर:** 1. एग्नेस गोनक्शा बोजाक्शिहउ (बोजाक्सिया)
2. रोमन कैथोलिक
3. दो

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. मदर टेरेसा के विराट_______ में करुणा का बीज अंकुरित हो उठा।

   (हृदय, आत्मा, दिल)

2. मदर टेरेसा की _______ के ऐसे अनेक प्रसंग हैं।

   (वृद्धावस्था, बाल्यावस्था, जीवनी)

3. ईसाई मिशनरियों का एक दल _______ के लिए भारत पहुँचा।

   (घूमने, भ्रमण, सेवा कार्य)

4. मदर _______ से सदैव भारत की धरती में रच-बस गई।

   (स्वेच्छा, दिल, मजबूरी)

**उत्तर:** 1. हृदय  2. बाल्यावस्था
3. सेवा कार्य  4. स्वेच्छा

**कृ.8. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. उस पत्र को पढ़कर ही ममतामई एग्नेस का हृदय / दिल अभिभूत हो उठा।
2. 23 मई, 1929 को उन्हें सामाजिक / धार्मिक कार्यों के लिए स्वीकार किया गया।

**उत्तर:** 1. हृदय  2. धार्मिक

**कृ.9. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मदर टेरेसा का जन्म अल्बेनियन दंपति के यहाँ हुआ। ☐
2. मदर टेरेसा के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी थी। ☐

3. तीन वर्ष के सेवा कार्य प्रशिक्षण के लिए मदर टेरेसा दार्जिलिंग गईं। ☐

4. मदर टेरेसा स्वेच्छा से भारत की धरती में रच-बस गईं। ☐

उत्तर: 1. सत्य 2. असत्य
3. असत्य 4. सत्य

**कृ.10.उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | 29 नवंबर, 1928 | अ. | 'सेंट टेरेसा' नामकरण |
| 2. | 6 जनवरी, 1929 | ब. | धार्मिक कार्यों की स्वीकृति |
| 3. | 23 मई, 1929 | क. | भारत पहुँचना |
| 4. | 24 मार्च, 1931 | ड. | यूगोस्लाविया से निकलना |

उत्तर: (1 – ड), (2 – क), (3 – ब), (4 – अ)।

**कृ.11.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1. **उस पत्र को पढ़कर ही ममतामई एग्नेस का**
   - हृदय अभिभूत हो उठा।
   - दिल भर आया।
   - दिल पसीज गया।

2. **एक पत्र अपने देश को भारत में सहायता के**
   - अनुरोध के साथ भेजा।
   - आदेश के साथ भेजा।
   - प्रार्थना के साथ भेजा।

उत्तर: 1. उस पत्र को पढ़कर ही ममतामई एग्नेस का **हृदय अभिभूत हो उठा।**

2. एक पत्र अपने देश को भारत में सहायता के **अनुरोध के साथ भेजा।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1. शहर | 2. दुखित |
| 3. इंसानियत | 4. खत |

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर: | 1. नगर | 2. पीड़ित |
| | 3. मानवता | 4. पत्र |

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1. मृत्यु | 2. काल्पनिक |
| 3. घृणा | 4. अस्वीकार |

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर: | 1. जन्म | 2. वास्तविक |
| | 3. स्नेह | 4. स्वीकार |

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1. बहन | 2. भाई |

उत्तर: 1. बहनें 2. भाई

**कृ.4. निम्नलिखित शब्द के लिंग बदलकर लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1. बच्ची | 2. सदस्या |

उत्तर: 1. बच्चा 2. सदस्य

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प | ला | का | र्य | नि | क | ण | र्मा |
| 2. | त्र | से | क | क्षे | र | वा | म | |

उत्तर: 1. निर्माणकार्य 2. सेवाक्षेत्र

**कृ.6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. बीज अंकुरित होना 2. अभिभूत हो उठना

3. रच-बस जाना

**उत्तर:** 1. **बीज अंकुरित होना** – भावना पल्लवित होना।

**वाक्य:**महायुद्ध के समाप्त हो जाने के बाद श्याम के मन में घायलों की मदद करने का **बीज अंकुरित हो उठा**।

2. **अभिभूत हो उठना** – प्रभावित होना।

**वाक्य:**स्कूल में राम के प्रथम आने की खबर सुनकर सुनंदा का हृदय **अभिभूत हो उठा**।

3. **रच-बस जाना** – घुल-मिल जाना।

**वाक्य:**विजय इस तरह परिवार में **रच-बस गया** जैसे वह हमारे ही परिवार का हिस्सा हो

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. मदर टेरेसा का पिता एक व्यवसायी थे।

2. 6 जनवरी, 1929 की वे भारत का धरती पर उतरीं।

**उत्तर:** 1. मदर टेरेसा **के** पिता एक व्यवसायी थे।

2. 6 जनवरी, 1929 **को** वे भारत **की** धरती पर उतरीं।

**कृ.8. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुनः लिखिए:**

1. उस समय बच्ची का नाम एग्नेस गोनक्शा बोजाक्शिहउ (बोजाक्सिया) रखा गया जो उनका वास्तविक नाम है
2. यद्‌यपि वे सेवाकार्यों के लिए फ्रांस जापान ऑस्ट्रेलिया आदि कई देशों में गईं

**उत्तर:** 1. उस समय बच्ची का नाम 'एग्नेस गोनक्शा बोजाक्शिहउ' (बोजाक्सिया) रखा गया, जो उनका वास्तविक नाम है।

2. यद्‌यपि वे सेवाकार्यों के लिए फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया आदि कई देशों में गईं।

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए:**

1. व्यवसायी
2. मानवता
3. ममतामई
4. प्रशिक्षण

**उत्तर:**

| शब्द | उपसर्ग | प्रत्यय |
|---|---|---|
| व्यवसायी | — | ई |
| मानवता | — | ता |
| ममतामई | — | मई |
| प्रशिक्षण | प्र | — |

**क्र.10.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. ईसाई मिशनरियों का एक दल सेवा कार्य के लिए भारत पहुँचा।
2. मदर टेरेसा भारत की धरती पर पहुँची और यहीं बस गईं।
3. इसके पश्चात वे सेवाक्षेत्र में आईं।

**उत्तर:** 1. के लिए – संबंधसूचक अव्यय

2. और – समुच्चयबोधक अव्यय

3. इसके पश्चात – संबंधसूचक अव्यय

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के शब्द भेद पहचानकर लिखिए:**

वे सेवाकार्यों के लिए फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में गईं तथापि भारत की धरती पर पहुँचते ही स्वेच्छा से सदैव भारत की धरती में रच-बस गईं।

उत्तर:

| संज्ञा | सर्वनाम | क्रिया |
|---|---|---|
| फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, देशों, भारत, धरती | वे | गईं (जाना), पहुँचते (पहुँचना) |

**कृ.12.कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए:**

1. उनके हृदय में स्नेह और वात्सल्य था।

(सामान्य भविष्यकाल)

2. मदर टेरेसा ने गृहत्याग किया।

(पूर्ण भूतकाल)

**उत्तर:** 1. उनके हृदय में स्नेह और वात्सल्य होगा।

2. मदर टेरेसा ने गृहत्याग कर दिया था।

## पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी

**क्र.1. मदर टेरेसा की पारिवारिक जानकारी लिखिए?**

**उत्तर:** मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त, 1910 को मैसीडोनिया के 'स्कोप्य' नगर यूगोस्लाविया में एक अल्बेनियन दंपति के घर हुआ। उनका नाम 'एग्नेस गोनक्शा बोजाक्शिहउ' (बोजाक्सिया) रखा गया। उनके पिता पेशे से व्यवसायी थे। वे निर्माणकार्य से जुड़े हुए थे। उनके परिवार में उनके अतिरिक्त माँ, भाई और बहन थे। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। वे एक रोमन कैथोलिक संगठन की सक्रिय सदस्या थीं, जिस कारण उनके ह्दय में करुणा और सेवाभाव था।

**क्र.2. मदर टेरेसा भारत कब और क्यों आईं?**

**उत्तर:** सन 1925 को यूगोस्लाविया की ईसाई मिशनरी का एक दल भारत में सेवा कार्य के उद्देश्य से पहुँचा। उन्होंने भारतीय जनता की निर्धनता और दुरावस्था देखी। उन सदस्यों ने भारतीय जनता की दुरावस्था के संबंध में सहायता करने का अनुरोध करते हुए अपने देश को पत्र लिखा। उस पत्र को पढ़कर ममतामई एग्नेस का ह्दय अभिभूत हो उठा। वे 29 नवंबर, 1928 को यूगोस्लाविया से भारत के लिए निकलीं और 6 जनवरी, 1929 को भारत पहुँचीं।

## स्वमत अभिव्यक्ति

**कृ.1. आपके साथ घटित सेवा कार्य से जुड़ी किसी रोचक घटना के बारे में लिखिए।**

**उत्तर:** एक बार मेरा दोस्त बहुत बुरी तरह बीमार हो गया। उस वक्त मेरा दोस्त अपनी बूढ़ी दादी के साथ घर पर अकेला था। उसके माता-पिता अपने गाँव गए थे। ऐसी स्थिति में मेरा दोस्त स्कूल तो दूर दवा लेने भी नहीं जा सकता था। बुढ़िया दादी आखिर करती भी तो क्या करतीं। मुझे इस बारे में मेरे अन्य दोस्तों से स्कूल में जानकारी मिली। मैंने फौरन स्कूल से छूटने पर दोस्त के घर का रुख किया। घर पहुँचकर उसे दवा दिलाई। उसके खाने-पीने आदि का प्रबंध किया और दो दिनों तक उसके घर पर ही रहकर उसकी सेवा की। उसी बीच उसके माता-पिता भी बीमारी की खबर सुनकर फौरन गाँव से लौट आए। उन्होंने मुझे अपने बेटे की सेवा करते देख कहा कि दोस्त हो तो ऐसा। इसकी जानकारी पूरे मुहल्ले को हो गई। आज भी मुहल्ले के सारे लोग हम दोनों की दोस्ती की मिसाल देते हैं।

## परिच्छेद 2


**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 15, 16 पर दी गई पंक्तियाँ (17 से 34 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[भारत पहुँचकर ......................**

**.............................. इत्यादि प्रमुख हैं।]**

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. लोरेटो के सुखमय जीवन का परित्याग किया।

2. दीन-दुखियों की सेवा में जुट गईं।

3. नीले किनारे वाली मोटी सूती साड़ी को स्थायी गणवेश बना लिया।

4. उन्होंने अपना नाम बदलकर 'मदर टेरेसा' रखा।

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**

**सेवाकार्य के लिए मदर टेरेसा ने इस बस्ती का चयन किया**

**उत्तर:** मोती झील बस्ती

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**

**'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' की स्थापना का उद्देश्य**

**उत्तर:** सेवाभाव को कार्यरूप देना

**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**

**मदर टेरेसा द्वारा स्थापित संस्था का नाम**


**उत्तर:** मिशनरीज ऑफ चैरिटी

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**



**उत्तर:** 1. अनाथालय 2. आश्रम
3. औषधालय

**कृ.6. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कुष्ठ निवारण केंद्र 2. निर्मल शिशुभवन
3. निर्मल हृदय 4. प्रेमदान
5. सचल दवाखाना

**कृ.7. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. सेंट मेरी स्कूल में मदर टेरेसा इस पद पर कार्य करने लगीं ☐
2. मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय का नाम ☐

**उत्तर:** 1. शिक्षिका 2. मदर हाउस

**कृ.8. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. भारत पहुँचकर _______ को उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया।

(कोलकाता, दिल्ली, बंगाल)

2. उन्होंने 105 देशों में _______ केंद्र स्थापित किए।

(400, 504, 302)

**उत्तर:** 1. कोलकाता 2. 504

**कृ.9. उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | सन 1931 | अ. | निर्मल हृदय |
| 2. | सन 1948 | ब. | वेटिकन से मान्यता |
| 3. | सन 1950 | क. | शिक्षिका |
| 4. | सन 1952 | ड. | दार्जिलिंग यात्रा |

**उत्तर:** (1 – क), (2 – ड), (3 – ब), (4 – अ)।

**कृ.10. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. वह सेवा केंद्र कोलकाता स्थित कालीघाट के पास है।
2. उन्होंने अपने सेवाभाव को कार्यरूप देने के लिए एक संस्था की स्थापना की।

3. भारत पहुँचकर कोलकाता को उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया।

4. कोलकाता स्थित मोती झील बस्ती का चयन।

**उत्तर:** 1. भारत पहुँचकर कोलकाता को उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया।

2. कोलकाता स्थित मोती झील बस्ती का चयन।

3. उन्होंने अपने सेवाभाव को कार्यरूप देने के लिए एक संस्था की स्थापना की।

4. वह सेवा केंद्र कोलकाता स्थित कालीघाट के पास है।

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. जिदंगी 2. दीन

**उत्तर:** 1. जीवन 2. गरीब

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. दुखमय 2. अस्थायी

**उत्तर:** 1. सुखमय 2. स्थायी

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. बस्तियाँ 2. रस्सी

**उत्तर:** 1. बस्ती 2. रस्सियाँ

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**

1. शिक्षिका 2. छात्र

**उत्तर:** 1. शिक्षक 2. छात्रा

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| री | ज | ल | मि | द | श | वा | न |

2.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ग | नि | रो | र | र्म | ल |

**उत्तर:** 1. मिशनरीज 2. निर्मल

**कृ.6. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. निरमल, र्निमल, निर्मल, निमर्ल
2. ग्राम्यांचलों, ग्राम्याचलों, ग्रामांचली, ग्रामांचलों

**उत्तर:** 1. निर्मल 2. ग्राम्यांचलों

**कृ.7. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ बताकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

जुट जाना

**उत्तर:** **जुट जाना** – क्रियाशील बनना।

**वाक्य**:राजेश अपने बीमार बड़े भाई की सेवा में तन-मन से जुट गया।

**कृ.8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. भारत पहुँचकर कोलकाता का उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया।
2. उन्होंने लोरेटो की सुखमय जीवन को परित्याग कर दिया।

**उत्तर:** 1. भारत पहुँचकर कोलकाता को उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया।

2. उन्होंने लोरेटो के सुखमय जीवन का परित्याग कर दिया।

**कृ.9. कोष्ठक में दिए विरामचिह्नों का उचित प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए:**

| ; | , | ‘ | ’ | । | ! | – |
|---|---|---|---|---|---|---|

इस प्रकार 22 अगस्त 1952 को मिशनरीज ऑफ चैरिटी का पहला केंद्र खुला जिसका नाम निर्मल हृदय रखा गया

**उत्तर:** इस प्रकार 22 अगस्त, 1952 को ‘मिशनरीज ऑफ चैरिटी’ का पहला केंद्र खुला, जिसका नाम ‘निर्मल हृदय’ रखा गया।

**कृ.10. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग अलग करके लिखिए:**

1. परित्याग 2. निर्मल

**उत्तर:** 1. परि + त्याग 2. नि: + मल

उपसर्ग – परि उपसर्ग – नि:

**कृ.11.निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय अलग करके लिखिए:**

1. मान्यता 2. नागरिकता

**उत्तर:** 1. मान्य + ता 2. नागरिक + ता

प्रत्यय – ता . प्रत्यय – ता

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के अव्यय भेद पहचानकर लिखिए:**

1. भारत पहुँचकर कोलकाता को उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया।
2. रोम और वेनेजुएला में भी कई तरह के सेवा कार्य चलाए हैं।
3. आश्रमों और औषधालयों की स्थापना की।

**उत्तर:** 1. पहुँचकर – क्रियाविशेषण अव्यय

2. और – समुच्चयबोधक अव्यय

3. और – समुच्चयबोधक अव्यय

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. इस संस्थान ने विश्वभर के दीन-दुखियों और बेसहारों के लिए अनाथालयों, आश्रमों और औषधालयों की स्थापना की।

**उत्तर:** संस्थान, विश्वभर, दीन-दुखियों, बेसहारों, अनाथालयों, आश्रमों, औषधालयों

**कृ.14. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. उन्होंने 105 देशों में इसके 504 केंद्र स्थापित किए।
2. सन 1948 में मदर टेरेसा को भारत की नागरिकता प्राप्त हुई थी।

**उत्तर:** 1. सामान्य भूतकाल  2. पूर्ण भूतकाल

## पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी

**कृ.1. कोलकाता के मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय से कौन-कौन-से सेवा कार्य किए जाते हैं?**

**उत्तर:** कोलकाता के मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय ने विश्वभर के दीन-दुखियों और बेसहारों के लिए अनाथालयों, आश्रमों और औषधालयों की स्थापना की। भारत के साथ ही इस संस्था ने विदेशों में भी 'कुष्ठ रोग निवारण केंद्र', अनाथ नवजात शिशुओं के लिए 'निर्मल शिशुभवन', फुटपाथों पर रहने वालों के लिए 'निर्मल हृदय' और गरीब वर्ग के, पावदान बनाने वाले दस्तकार लोगों के लिए 'प्रेमदान' तथा ग्राम्यांचलों में 'सचल दवाखाना' जैसी संस्थाओं की स्थापना की।

## स्वमत अभिव्यक्ति

कृ.1. गरीब परिवारों की मदद करने के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।

उत्तर: मजबूर व जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना हर सामर्थ्यवान व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। हमें अपने आस-पास मौजूद आर्थिक रूप से बदहाल परिवारों की हर तरह से सहायता करनी चाहिए। अक्सर हम देखते-सुनते हैं कि आर्थिक तंगी के चलते बच्चे पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं और कई प्रतिभाएँ दबकर रह जाती हैं। कई बार आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण परिवार आत्महत्या जैसे गलत कदम भी उठाते देखे गए हैं। ऐसी परिस्थिति में हमें ध्यान देना चाहिए कि बदहाल परिवारों की प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन व मदद मिले, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवार आत्महत्या जैसे गलत कदम न उठाएँ। आर्थिक बदहाली के कारण कई बार कुछ परिवारों को समाज में उचित सम्मान नहीं मिल पाता, इसलिए हमें उनके सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना चाहिए।

## परिच्छेद 3

अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 16 पर दी गई पंक्तियाँ (35 से 46 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:

[मदर टेरेसा के ....................

.............................. छूट दे रहे हैं।"]

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:





उत्तर: 1. 2,500 से अधिक प्रशिक्षित महिलाएँ

2. 250 से अधिक पुरुष

3. 100 से अधिक सहायक

कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:



**उत्तर:** 1. 15 हजार शिशु-छात्र
2. 10 लाख से अधिक रोगी
3. 47 हजार कुष्ठ रोगी

**कृ.3. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. मदर टेरेसा को इसके जरिए पुन: मिशनरीज ऑफ चैरिटी का प्रमुख चुना गया ☐
2. 1997 में मदर टेरेसा ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के प्रमुख पद से दे दिया ☐
3. मदर टेरेसा विभिन्न देशों में इन कार्यों का खुलकर विरोध करती थीं ☐
4. एक सभा में मदर टेरेसा ने इसे मानवता के विरुद्ध जघन्य अपराध बताया ☐

**उत्तर:** 1. गुप्त मतदान 2. त्यागपत्र
3. अमानवीय 4. गर्भपात

**कृ.4. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. किंतु गुप्त मतदान के द्वारा वे _______ चुनी गईं।
(दोबारा, फिर, पुन:)

2. वे अपनी जनता को _______ का सबक नहीं दे रहे हैं।
(प्यार, भाईचारे, अहिंसा)

**उत्तर:** 1. पुन: 2. प्यार

**कृ.5. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. मदर टेरेसा समय-समय पर विभिन्न देशों में होते हिंसात्मक / अमानवीय कार्यों का खुलकर विरोध करती रहीं।
2. वे अपनी जनता को हिंसा / अहिंसा की छूट दे रहे हैं।

**उत्तर:** 1. हिंसात्मक 2. अहिंसा

**कृ.6. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मदर ने सिस्टरों से नया उत्तराधिकारी चुनने का आग्रह किया। ☐
2. भारत में आयोजित एक प्रार्थनासभा में गर्भपात को मदर ने मानवता के विरुद्ध अपराध बताया। ☐

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

**मार्च, 1997 को उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के प्रमुख के पद**

- से त्यागपत्र दे दिया।
- को फिर संभाला।
- पर आसीन हुईं।

2.

**मदर अमानवीय कार्यों का खुलकर विरोध करती रहीं,**

- जिसके चलते उन्हें भारत की नागरिकता मिली।
- जिन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुमोदन भी मिले।
- जिससे उनकी बहुत प्रशंसा हुई।

**उत्तर:** 1. मार्च, 1997 को उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के प्रमुख के पद **से त्यागपत्र दे दिया।**

2. मदर अमानवीय कार्यों का खुलकर विरोध करती रहीं, **जिन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुमोदन भी मिले।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1\.

**मार्च, 1997 को उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के प्रमुख के पद**

- से त्यागपत्र दे दिया।
- को फिर संभाला।
- पर आसीन हुईं।

2\.

**मदर अमानवीय कार्यों का खुलकर विरोध करती रहीं,**

- जिसके चलते उन्हें भारत की नागरिकता मिली।
- जिन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुमोदन भी मिले।
- जिससे उनकी बहुत प्रशंसा हुई।

**उत्तर:** 1. मार्च, 1997 को उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के प्रमुख के पद **से त्यागपत्र दे दिया।**

2\. मदर अमानवीय कार्यों का खुलकर विरोध करती रहीं, **जिन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुमोदन भी मिले।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**क्र.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. महिलाएँ
2. हत्या
3. बच्चे
4. हिंसा

**उत्तर:** 1. महिला 2. हत्याएँ
3. बच्चा 4. हिंसाएँ

**क्र.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| टी | क | चै | म | रि | ल |

2.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | च | वी | ग | य | न | क | मा |

**उत्तर:** 1. चैरिटी 2. अमानवीय

**क्र.5. शुद्ध-अशुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

स्वास्थ्य-लाभ, त्यागपत्र,
गुपत्, गर्र्भपात, हिंसा,
हिंन्सा, गर्भपात, गुप्त,
त्याग्पत्र, स्वास्थ-लाभ

**उत्तर: शुद्ध शब्द** – स्वास्थ्य-लाभ, त्यागपत्र, गर्भपात, हिंसा, गुप्त

**अशुद्ध शब्द** – स्वास्थ-लाभ, त्याग्पत्र, गर्र्भपात, हिंन्सा, गुपत्

**कृ.6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी का प्रमुख को पद से त्यागपत्र दे दिया।
2. कैसे किसी का हत्या को लिए रोका जा सकेगा।

**उत्तर:** 1. उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी **के** प्रमुख **के** पद से त्यागपत्र दे दिया।

2. कैसे किसी **को** हत्या **के** लिए रोका जा सकेगा।

**कृ.7. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुन: लिखिए:**

मदर टेरेसा के मिशनरीज ऑफ चैरिटी में 2,500 से अधिक प्रशिक्षित महिलाएँ 250 से अधिक पुरुष और 100 से अधिक सहायक काम करते हैं

**उत्तर:** मदर टेरेसा के 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' में 2,500 से अधिक प्रशिक्षित महिलाएँ, 250 से अधिक पुरुष और 100 से अधिक सहायक काम करते हैं।

**कृ.8. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्गयुक्त और प्रत्यययुक्त शब्द छाँटकर लिखिए:**

उत्तराधिकारी, अमानवीय, मानवता, जनता, प्रशिक्षित

**उत्तर:** **उपसर्गयुक्त शब्द** – अमानवीय, प्रशिक्षित

**प्रत्यययुक्त शब्द** – उत्तराधिकारी, मानवता, जनता

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. किंतु 2. पुन:

**उत्तर:** 1. वे भारत तो पहुँच गए, **किंतु** उनका काम नहीं हुआ।

2. राजेश फेल होने के बाद **पुनः** मन लगाकर पढ़ाई कर रहा है।

**कृ.10. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के प्रमुख के पद से त्यागपत्र दे दिया।
2. वे अपनी जनता को प्यार का सबक नहीं दे रहे हैं।

**उत्तर:** 1. मिशनरीज ऑफ चैरिटी, प्रमुख, पद, त्यागपत्र

2. जनता, प्यार, सबक

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**कृ.1. मदर टेरेसा ने देश-विदेश में अमानवीय कार्यों का विरोध कैसे किया?**

**उत्तर:** मदर टेरेसा ने समय-समय पर देश और विदेश में अमानवीय कार्यों का खुलकर विरोध किया। उनके इस विरोध को अंतरराष्ट्रीय अनुमोदन भी मिले। उन्होंने अमेरिका में गर्भपात को प्रोत्साहन दिए जाने की भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि यदि किसी माँ को अपने बच्चे की हत्या करने की अनुमति है, तो कैसे किसी को हत्या के लिए रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिन देशों में गर्भपात की अनुमति है, वे अपनी जनता को प्यार का सबक नहीं दे रहे हैं, वरन हिंसा की छूट दे रहे हैं।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**कृ.1. कन्या भ्रूण हत्या के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।**

**उत्तर:** कन्या भ्रूण हत्या आज हमारे देश में एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। सरकार द्वारा कड़े कानून लागू किए जाने के बावजूद यह समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इसके चलते देश में पुरुषों की अपेक्षाकृत महिला जनसंख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है। महिलाओं की घटती जनसंख्या का मुख्य कारण समाज में व्याप्त रुढ़िवादी परंपराएँ हैं। आज भी हमारे समाज में महिलाओं को उनका हक नहीं मिल सका है। आज भी लोग महिला को अबला व पुरुषों से निम्न समझते हैं। अब तक लड़का-लड़की के बीच बनी भेदभाव की खाई खत्म नहीं हुई है। इस भेदभाव को खत्म करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। अपने समाज के लोगों को जागरुक करना होगा, तब जाकर कहीं हम कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अपराध से छुटकारा पा सकेंगे।

## परिच्छेद 4

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 16, 17 पर दी गई पंक्तियाँ (47 से 58 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[मदर टेरेसा ने सन ......................**

**.............................. मदर टेरेसा!]**

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:

| मदर टेरेसा को अमेरिका की 'मानद नागरिकता' प्रदान की गई | — (1) |
|---|---|

उत्तर: 11 दिसबर, 1996

कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:

मदर टेरेसा का शव जिस तोपगाड़ी पर निकला उस पर इन राजनेताओं के शव निकले थे

(1) (2)

**उत्तर:** 1. महात्मा गांधी


2. पं. जवाहरलाल नेहरू

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** प्यार के कार्य ही शांति के कार्य हैं

**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** मदर हाउस

**कृ.5. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. मदर टेरेसा का शव इसमें लिपटा हुआ था। [ ]
2. मदर टेरेसा की अंत्येष्टि में इतने धर्म के प्रतिनिधि मौजूद थे। [ ]

**उत्तर:** 1. तिरंगा 2. सात

**कृ.6. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. जहाँ मदर टेरेसा का ताबूत था, उसके आगे / पीछे एक पट्टिका पर अंकित था।
2. मदर टेरेसा की पार्थिव काया / शव को 'मदर हाउस' में दफन कर दिया गया।
3. मदर टेरेसा किसी भी पद पर आसीन / नहीं थीं।
4. मदर के पास पहुँचकर लोग ऊँच-नीच / छोटे-बड़े का भेद भूल जाते थे।

**उत्तर**: 1. पीछे　　2. काया
3. नहीं　　4. ऊँच-नीच

**कृ.7. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मदर ने अमेरिका द्वारा गर्भपात को प्रोत्साहन देने की भर्त्सना की। ☐
2. मदर टेरेसा के शव पर सात धर्मों के राष्ट्रध्वज थे। ☐
3. मदर टेरेसा को शासकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ☐
4. मदर के पास पहुँचकर लोग भेदभाव की परिभाषा को समझ जाते थे।. ☐

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य

3. सत्य 4. असत्य

**कृ.8. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. महानारी की जीवनयात्रा गत्यावरोध के कारण 5 दिसंबर, 1997 को पूर्णत: समाप्त हो गई।
2. गर्भपात को प्रोत्साहन दिए जाने की भर्त्सना की।
3. सच, कितनी महान थीं मदर टेरेसा।
4. 11 दिसंबर 1996 को टेरेसा को अमेरिका की 'मानद नागरिकता' प्रदान की गई।

**उत्तर:**
1. गर्भपात को प्रोत्साहन दिए जाने की भर्त्सना की।
2. 11 दिसंबर 1996 को टेरेसा को अमेरिका की 'मानद नागरिकता' प्रदान की गई।
3. महानारी की जीवनयात्रा गत्यावरोध के कारण 5 दिसंबर, 1997 को पूर्णत: समाप्त हो गई।
4. सच, कितनी महान थीं मदर टेरेसा।

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. बढ़ावा 2. लोकप्रिय

3. खत्म 4. स्नेह

**उत्तर:** 1. प्रोत्साहन    2. जनप्रिय
3. समाप्त    4. प्यार

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. प्रशंसा    2. अस्पष्ट
3. अपमान    4. अनुपस्थिति

**उत्तर:** 1. भर्त्सना    2. स्पष्ट
3. सम्मान    4. उपस्थिति

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. समिति    2. महानारी

**उत्तर:** 1. समितियाँ    2. महानारियाँ

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | जं | जी | त्रा | न | र | व | का |

2.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| त्मा | न | हा | रा | ज | म |

**उत्तर:** 1. जीवनयात्रा    2. महात्मा

**कृ.5. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. गत्यावरोध, गत्यअवरोध, गत्यवरोध, गत्यव्यरोध
2. अंत्येष्टी, अत्येंष्टी, अंत्येष्टि, अत्येष्टि

**उत्तर:** 1. गत्यावरोध    2. अंत्येष्टि

**कृ.6. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुनः लिखिए:**

1. अंत में मदर टेरेसा की पार्थिव काया को मदर हाउस में दफन कर दिया गया
2. सच कितनी महान थीं मदर टेरेसा

**उत्तर:** 1. अंत में, मदर टेरेसा की पार्थिव काया को 'मदर हाउस' में दफन कर दिया गया।

2. सच, कितनी महान थीं मदर टेरेसा!

**कृ.7. निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. स्वीकृत 2. स्पष्ट

**उत्तर:** 1. अ + स्वीकृत = अस्वीकृत 2. अ + स्पष्ट = अस्पष्ट

**कृ.8. शब्द चक्र की सहायता से 'क्रियाविशेषण अव्यय' बनाकर लिखिए:**




**उत्तर:** 1. देकर 2. लिपटकर

3. पहुँचकर 4. भूलकर

**कृ.9. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. उनका शव तिरंगे में लिपटा था।
2. सात धर्मों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उनकी अंत्येष्टि की गई थी।

**उत्तर:** 1. पूर्ण भूतकाल 2. पूर्ण भूतकाल

**कृ.10. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई।
2. इससे स्पष्ट हो जाता है कि मदर टेरेसा कितनी लोकप्रिय थी।

**उत्तर:** के साथ – संबंधबोधक अव्यय

कि – समुच्चयबोधक अव्यय

**क्र.11. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. जीवनयात्रा 2. ऊँच-नीच

**उत्तर:** 1. हर इंसान की **जीवनयात्रा** उतार-चढ़ावों से भरी होती है।

2. भारतीयों को **ऊँच-नीच** का भेदभाव भूलकर एक साथ देश के विकास में जुट जाना चाहिए।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. मदर टेरेसा की अंत्येष्टि किस प्रकार की गई?**

**उत्तर:** मदर टेरेसा की अंत्येष्टि में उनके शव को उसी तोपगाड़ी पर ले जाया गया, जिस पर नेहरू जी और महात्मा गांधी जी के शव ले जाए गए थे। उनका शव तिरंगे में लिपटा था। जहाँ उनका ताबूत था, उसके पीछे एक पट्टिका पर अंग्रेजी भाषा में अंकित था – 'works of love are works of peace' जिसका अर्थ है प्यार के कार्य ही शांति के कार्य हैं। अंत में मदर टेरेसा की पार्थिव काया को सात धर्मों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'मदर हाऊस' में दफन कर दिया गया।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**क्र.1. मदर टेरेसा की भाँति एक अन्य महान समाज सुधारक के बारे में लिखिए।**

**उत्तर:** राजा राममोहन राय एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने तत्कालीन भारत में व्याप्त सती प्रथा, बाल विवाह जैसी रूढ़िवादी व घातक परंपराओं का जमकर विरोध किया। भारत में उन दिनों सती प्रथा जैसी

रीतियों के खिलाफ आवाज उठाना तो दूर उसके बारे में कोई सोचता तक नहीं था। ऐसे में मजबूरन महिलाओं को अपने पति की चिता के साथ जल जाना पड़ता था। राजा राममोहन राय ने इस नृशंस हत्या के विरुद्ध बिगुल बजा दिया और आखिरकार समाज को इस घातक परंपरा से छुटकारा दिलाया। इसके साथ ही राजा राममोहन राय ने समाज में व्याप्त अन्य बुराइयों का खुलकर विरोध किया और एक सुदृढ़ व स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पत्रकारिता जगत में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिए। पत्रकारिता के जारिए उन्होंने समाजसुधार के अपने कार्यों को और गति दी।